राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर
(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602 Toll Free HelpLine- 15100/9928900900)
E-mail: rslsajp@gmail.com , rj-slsa@nic.in, Website: www.rlsa.gov.in

क्रमांकः–रालसा/स्टोर/एफ 9/न्यू आईट्म्स/2020–21/ 44 दिनांकः– 28/12/2020

ई–निविदा सूचना संख्या– 04

विभाग द्वारा निम्न विवरण अनुसार कार्यालय उपयोग हेतु समस्त अधिकृत विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से सामान क्रय करने हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैः–

क्र. स.	कार्य का विवरण	क्रय संभावित मात्रा	अनुमानित लागत रुपयों में	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र डाउनलोड की अवधि	तकनीकी निविदा खोलने की अन्तिम तिथि व समय
1.	कम्प्यूटर सैट	216 नग	86,40,000/-	1,72,800/-	दिनांक 29.12.2020 को मध्यान्ह 3.00 बजे से 18.01.2021 को सायं 4.00 बजे तक	दिनांक 19.01.2021 को मध्यान्ह 01.00. बजे
2.	प्रिंटर	194 नग	19,40,000/-	38,800/-		
	योग	410 नग	**01,05,80,000/-**	**02,11,600/-**		

निविदा प्रपत्र के साथ, निविदा प्रपत्र शुल्क 500/– एवं अमानत राशि बैंकर चैक/ड्राफ्ट जो सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के पक्ष में देय हो तथा RISL के पक्ष में देय Processing शुल्क राशि 1000/–स्वीकार किया जायेगा। किसी भी ई–निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। निर्धारित समय पश्चात् कोई भी ई–निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी, निविदा प्रपत्र, शर्तें तथा अन्य आवश्यक विवरण राज्य लोक उपापन पोर्टल वेबसाईट **www.sppp.raj.nic.in**, **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं प्राधिकरण की वेबसाईट **www.rlsa.gov.in** पर देखी जा सकती है।

निदेशक
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर
(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602 Toll Free HelpLine- 15100/9928900900)
E-mail: rslsajp@gmail.com , rj-slsa@nic.in, Website: www.rlsa.gov.in

क्रमांकः–रालसा/स्टोर/एफ 9/न्यू आईट्म्स/2020–21/ दिनांकः–

E-BID FOR PROCUREMENT OF COMPUTERS SET AND PRINTER

Cost of the Bid Form	**500/-**
RISL Processing Fees	**1000/-**
Duration of the Bid	**1 year**
Estimated cost of Bid	**105.80 Lacs**
Bid Security Money	**Rs. 2,11,600/-** **(2% of Estimated Cost)**
Start Date of Bids Submission	**29.12.2020 at 03.00 PM**
Pre-bid Meeting	**05.01.2021 at 01.00 PM**
Last date of Submission of online bid	**18.01.2021 at 04.00 PM**
Last date of Submission of bid security and document	**18.01.2021 at 04.00 PM**
Date of opening of Technical Bid	**19.01.2021 at 01.00 PM**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर

(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602 Toll Free HelpLine- 15100/9928900900)

E-mail: rslsajp@gmail.com , rj-slsa@nic.in, Website: www.rlsa.gov.in

तकनीकी बोली प्रपत्र

(डेस्कटॉप कॅम्प्यूटर सेट एवं प्रिंटर्स के लिए)

- बोली प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ दिनांक – 29.12.2020 समय – मध्यान् 03:00 बजे से
- बोली प्रपत्र अपलोड अन्तिम दिनांक – 18.01.2021 समय – सायं 4:00 बजे तक
- बोली प्रपत्र खोलने की दिनांक – 19.01.2021 समय – मध्यान् 1:00 बजे

क्र. सं.	विवरण	बोलीदाता द्वारा भरी जाने वाली सूचना
1.	बोलीदाता फर्म का पूरा नाम पता फोन. न. ई–मेल.आई.डी	....
2.	अधिकृत व्यक्ति का नाम पद मोबाईल नं	....
3.	बोली सम्बोधित है	राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर।
4.	सन्दर्भ	कम्पयूटर सेट्स एवं प्रिंटर्स के लिए जारी ई बोली सूचना क्रमांकः– जयपुर, दिनांक .....
5.	बोली शुल्क राशि डी.डी. /बैकर्स चैक नम्बर व दिनांक	.... **स्केन कर अपलोड कर दिया गया है।**
6.	प्रोसेसिंग फीस राशि डी.डी./बैकर्स चैक नम्बर व दिनांक **(M D RISL के नाम)**	.... **स्केन कर अपलोड कर दिया गया है।**

1. मै/हम.....
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणराजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर द्वारा जारी की गई बोली संख्या क्रमांकः–..... जयपुर, दिनांक ..... में वर्णित सभी शर्तो से तथा संलग्न शीट मे दी गई उक्त बोली सूचना के अतिरिक्त बोली प्रपत्र मे अंकित सभी नियम व शर्तो को स्वीकार करने से बाध्य होना स्वीकार करते हैं। इनके सभी पृष्ठों पर उनमें उल्लेखित शर्तो को हमारे द्वारा स्वीकार किये जाने के प्रमाण मे हमने हस्ताक्षर कर दिये है। (बोलीदाता द्वारा ई–बोली तकनीकी बोली प्रपत्र, नियम, शर्ते एवं सूचना बोली एवं बोली की सामान्य शर्ते एवं अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।)

2. आपूर्ति किये जाने वाले उपकरणों का विवरण बोली प्रपत्र के साथ संलग्न अनुलग्नक– एक (1) में है, उनकी मात्रा को भलीभांति देख लिया है, कुल सामग्री आपूर्ति को ध्यान मे लेने के बाद वित्तीय दरें ऑनलाईन अंकित की गई है। दर्शाई गई उपकरणों की मात्रा में कमी एवं वृद्धि संभव है। न्यूनतम क्रय की मात्रा की गारंटी नहीं है। दर्शाई गई मात्रा के विरूद्ध आवश्यकतानुसार आपूर्ति आदेश दिए जायेंगे।

3. सफल निविदादाता द्वारा सामग्री की सप्लाई विभाग में एवं विभाग के अधीनस्थ जिला मुख्यालयों में करके कम्प्यूटर सैट एवं प्रिंटर को नियत स्थान पर इंस्टॉल करना होगा।

4. फर्म द्वारा आदेश प्राप्त करने की दिनांक से निर्धारित अवधि 20 दिवस की अवधि के भीतर बोली नियम, शर्तों एवं आदेशों के अनुसार आपूर्ति कर दी जावेगी।

5. उद्धृत की गयी दरें वित्तीय बोली खोलने की दिनांक से एक वर्ष के लिये विधि मान्य है। इस अवधि को पारस्परिक सहमति के आधार पर RTPP नियम 29–2 (ख) एवं (झ) के अनुसार बढाया जा सकेगा।

6. बोली शर्तो पर हस्ताक्षर किये जाकर, अन्य आवश्यक सभी दस्तावेजों की मूल/प्रमाणित प्रति स्केन कर अपलोड कर दिए गए है।

7. तकनीकी बोली में निम्न विवरणानुसार प्रमाण पत्र/घोषणा पत्र/सहमति पत्र/डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक की प्रति अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व–प्रमाणित कर स्केन कर अपलोड करनी होगी। अपलोडिंग के दौरान कोई तकनीकी समस्या होने के फलस्वरूप यदि कोई दस्तावेज अपलोड होने से रह जाता है, तो इसके लिए **रालसा** उत्तरदायी नहीं होगा एवं फर्म को तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किया जा सकेगाः–

क्र. स.	विवरण	पृष्ठसंख्या (.....से.....)
1	कम्पनी/फर्म/संस्था/सोसायटी के मेमोरेन्डम/संविधान व रजिस्ट्रेशन की प्रति।	
2	निविदित उपकरणों का निर्माता/वितरक/अधिकृत विक्रेता होने का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र की प्रति।	
3	रूपये 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर किसी भी राज्य/केन्द्र में कालीसूची में (Blacklisted) न किये जाने के संबंध में शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित।	
4	नॉन कन्विक्शन (NON– CONVICTION) अधिघोषणा।	
5	बोली फार्म शुल्क व प्रोसेसिंग फीस के डी.डी./बैंकर्स चैक की प्रति। मूल डी.डी व बैकर्स चैक, बिन्दु संख्या 2, 4, 5 11 के अंतर्गत वांछित घोषणा तथा मूल शपथ पत्र अंतिम दिनांक 18.01.2021 समय – सायं 4:00 बजे तक कार्यालय में भौतिक रूप से प्राप्त होना आवश्यक है।	
6	राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता (RTTP) अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के हस्ताक्षरित A,B,C,D एनेक्सर।	
7	जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति व वाणिज्यक कर विभाग द्वारा जारी वैट/कर चुकता प्रमाण पत्र दिनांक 31.03.2020 तक (Registration and Tax Clearance certificate) जिसमें दिनांक 31.03.2020 को कोई कर बकाया न होने का उल्लेख हो।	
8	बोली के लिये प्रोप्राइटर के अलावा यदि अन्य व्यक्ति को अधिकृत कर रखा, हो तो पावर ऑफ अटार्नी, जो कि बोली जारी होने की तिथि के पश्चात् हस्ताक्षरित किया गया हो। मूल प्रति अंतिम दिनांक 18.01.2021 समय– सायं 4:00 बजे तक कार्यालय में भौतिक रूप से प्राप्त होना आवश्यक है।	
9	राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 के सेक्शन 7 (2) के अन्तर्गत शपथ–पत्र	
10	मैं/हम घोषणा करते है कि मैने/हमने जिन आईटमों हेतु बोली दी है, उनके संबंध में उपरोक्तानुसार संलग्न किए गये सभी घोषणा पत्र /प्रमाण पत्र/अन्य सूचना सत्य एवं पूर्णतया सही है। इनमें किसी भी तथ्य को छिपाया नहीं है और न ही कोई कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किया है। यदि ऐसा पाया जाता है, तो बिना किसी न्यायिक कार्यवाही एवं अन्य कोई कार्यवाही किये बिना मेरी/हमारी बोली जो स्वीकृत की गई है, रदद् कर दी जावे एवं हमारे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए रालसा स्वतंत्र है। उक्त शपथ पत्र 500/– रू के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करवाकर स्केन कर अपलोड करना होगा।	
11	बोली दाता केन्द्र/राज्य सरकार का उपक्रम होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की प्रति।	

नोट:– उक्त तालिका के तहत वर्णित समस्त दस्तावेज मूल रूप से बोली की अंतिम दिनांक 18.01.2021 समय सायं 04.00 बजे तक रालसा कार्यालय में जमा करवाना आवश्यक है। इसके अभाव में तकनीकी बोली नहीं खोली जावेगी।

बोलीदाता के हस्ताक्षर
मय सील
नाम व पता मय दूरभाष

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर
(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602 Toll Free HelpLine- 15100/9928900900)
E-mail: rslsajp@gmail.com , rj-slsa@nic.in, Website: www.rlsa.gov.in

क्रमांकः–रालसा/स्टोर/एफ 9/न्यू आईट्म्स/2020–21/ दिनांकः–

ई–बोली से सम्बन्धित नियम, शर्ते एवं सूचना

1. बोली प्रपत्रों को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in/ sppp.rajasthan.gov.in एवं rlsa.gov.in में से किसी भी वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। इस बोली मे भाग लेने वाले बोलीदाता बोली को इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट मे वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करावें।

2. विभागीय बोलियॉ ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से प्रस्तुत करने की अन्तिम दिनांक 19.01.2021 अपरान्ह 01.00 बजे तक है। बोली भौतिक रूप से स्वीकार नहीं होगी।

3. तकनीकी बोली दिनांक 19.01.2021 को अपरान्ह 1.00 बजे राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर में खोली जायेगी।

4. आवेदनकर्त्ता फर्म का औसत वार्षिक टर्नओवर 2 करोड़ रुपये से कम नहीं होना चाहिए। विभाग द्वारा 2 करोड़ रुपये से या इससे अधिक टर्नओवर वाली फर्म को ही प्राथमिकता दी जायेगी तथा सशर्त बोली स्वीकार नहीं होगी। टर्नओवर के लिए चार्टेड अकाउंटेंट द्वारा जारी सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा।

5. बोली के 2 इलेक्ट्रोनिक लिफाफे होगेंः– (1) तकनीकी बोली (2) वित्तीय बोली।

6. तकनीकी बोली में वांछित दस्तावेजों की प्रतियॉ, जो कि अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व–प्रमाणित हो, स्केन कर अपलोड करनी होगी।

7. वित्तीय बोली भरने से पूर्व बोलीदाता यह सुनिश्चित कर ले कि, अनुलग्नक एक (1) में वर्णित उपकरणों व उसकी मात्रा को वह निर्धारित समय में रालसा द्वारा दिए गऐ आपूर्ति आदेश के अनुसार आपूर्ति के लिए सक्षम है तथा रालसा द्वारा चाहे गऐ स्थान पर आपूर्ति करने हेतु सक्षम है।

8. निविदादाता से अपेक्षित है कि वह ऑनलाईन निविदा जमा करवाने से पूर्व सम्पूर्ण निविदा का भली–भॉति अध्ययन कर ले। इस संबंध में किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण हेतु निविदा सूचना की अंतिम तिथि से पूर्व तक कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता है। तथापि विभाग किसी प्रकार के लिखित स्पष्टीकरण हेतु बाध्य नहीं है। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

9. वित्तीय बोली (बोली दर) के द्वितीय इलैक्ट्रोनिक लिफाफे में बोली दरें ऑनलाईन निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक–2) मे प्रत्येक उपकरण की आपूर्ति मात्रा को ध्यान में रखते हुए प्रति पैंकिग यूनिट दर अंकित की जानी है, अर्थात प्रति इकाई दर देनी है।

10. आपूर्ति किए गए उपकरण यदि निर्धारित मानदण्ड के अनुरूप नहीं पाए जाते है, तो बोलीदाता स्वयं के खर्चों पर उसे बदलेगा। यदि फिर भी उपकरण निर्धारित मानक के अनुरूप उपलब्ध नहीं कराता है, तो नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। बोलीदाता से परिनिर्धारित क्षति आरोपित कर नियमानुसार वसूली की जावेगी।

11. बोली प्रपत्रो हेतु आवेदन/डाउनलोड दिनांक 29.12.2020 3.00 PM बजे से किया जा सकता है। बोली प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 18.01.2021 अपरान्ह 04:00 बजे तक जमा कराये जा सकते है। प्राप्त तकनीकी बोलीयॉ इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर **सदस्य सचिव**, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के कार्यालय मे दिनांक 19.01.2021 को अपरान्ह 1.00 बजे आन लाईन खोली जावेगी। (बोलीदाता चाहे तो उपस्थित रह सकता है।)

क. यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है, तो अगले कार्य दिवस पर उसी समय बोलीयॉ खोली जावेगी।
ख. बोली से सम्बन्धित समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन होगी। सूचना ई–मेल से दी जावेगी।
ग. बोली खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सारी बोलीयॉ नही खोली जा सकती है, तो अगले कार्य दिवस मे शेष बोलीयॉ खोलने का कार्य जारी रहेगा।
घ. तकनीकी बोलीयों मे सफल बोलीदाताओं का वित्तीय बोली प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फारमेट मे वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर कार्यालय मे खोली जावेगी। जिसके लिए निर्धारित समय एवं दिनांक बाबत् सूचना सफल बोलीदाताओ को ई–मेल से दी जावेगी। ई मेल से दी गई सूचना मान्य होगी तथा दूरभाष पर भी सूचित किया जावेगा।

12. बोली प्रपत्रो मे बोलीदाता के लिए अपेक्षित पात्रता कसौटी (Eligibility Criteria) तथा बोलीदाता की पात्रता, स्पेसिफिकेशन, आपूर्ति की अनुमानित मात्रा का विवरण, नियम एवं शर्ते बोली प्रपत्र में यथास्थान पर वर्णित है।

13. वित्त विभाग के परिपत्र दिनांक 19.11.2015 में वर्णित एम.एस.एम.ई. बाबत् प्रावधान यथावत् प्रभावी होगें एवं एम.एस.एम.ई. हेतु आरक्षित सामग्री एम.एस.एम.ई. ईकाईयों से ही क्रय की जायेगी।

14. बोलीदाता द्वारा बोली प्रपत्र शुल्क एवं प्रौसेसिग फीस का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक के साथ निम्नांकित मूल दस्तावेज भौतिक रूप से सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुरके कार्यालय मे दिनांक 18.01.2021 सांय 4:00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है:–

15. बोलीदाता द्वारा बोली प्रपत्र शुल्क एवं प्रौसेसिग फीस का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक के साथ निम्नांकित मूल दस्तावेज भौतिक रूप से सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के कार्यालय मे दिनांक 18.01.2021 सांय 4:00 बजे तक जमा कराना आवश्यक है :–

- तकनीकी बोली प्रपत्र के बिन्दु संख्या 6 की तालिका के क्रम संख्या 5 के अनुसार बोली फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस के चैक/डी.डी. आदि सभी दस्तावेज।
- तकनीकी बोली प्रपत्र के बिन्दु संख्या 6 की तालिका के बिन्दु संख्या 3 के अनुसार किसी भी राज्य/केन्द्र में काली सूची में (Black Listed) न किए जाने के संबंध में रूपये 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र जो कि नॉटेरी से प्रमाणित हो।
- तकनीकी बोली प्रपत्र के बिन्दु संख्या 6 की तालिका के बिन्दु संख्या 10 के अनुसार रूपये 500 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर घोषणा पत्र जो नॉटेरी से प्रमाणित हो।
- तकनीकी बोली प्रपत्र के बिन्दु संख्या 6 की तालिका के बिन्दु संख्या 8 के अनुसार पावर ऑफ अटार्नी।

उक्त दस्तावेजों के निर्धारित समय तक प्राप्त नहीं होने पर बोली खोली जाना संभव नहीं होगा। डाक/अन्य कारणों से निर्धारित समय तक डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक/वांछित दस्तावेज प्राप्त नहीं होते है, तो उसके लिए रालसा जिम्मेदार नहीं है।

16. वित्तीय बोली खोलने की दिनांक से 30 दिवस तक बोली दरें स्वीकृत/अनुमोदन हेतु मान्य रहेगी। यदि बोलीदाता उस अवधि मे अपनी बोली अथवा शर्तो मे किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी बोली वापस लेता है, तो नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

17. किसी भी बोली को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के पास सुरक्षित है। बोली किसी भी स्तर पर किसी भी कारण से निरस्त की जा सकती है।

18. इस कार्य क्षेत्र में 2 से 3 वर्ष का न्यूनतम कार्य अनुभव होना चाहिए।

19. इस कार्य हेतु पिछले 2 से 3 वर्ष में अन्य संस्थाओं से प्राप्त कार्यादेश की प्रतियां संलग्न करनी होगी। (उक्त कार्यादेश फर्म के टर्नओवर के 80% या 50% के दो कार्यादेश होने चाहिए)

20. बोलीदाता को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर स्वयं को रजिस्टर्ड करवाना होगा। ऑनलाईन बोली मे भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इनफोरमेशन टेक्नोलोजी एक्ट– 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलक्ट्रोनिक बोली में डिजिटल साईन करने हेतु काम आयेगा। बोलीदाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन बोलीदाताओ के पास पूर्व मे वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।

1. बोलीदाताओ को बोली प्रपत्र इलैक्ट्रोनिक फारमेट मे उपरोक्त वेबसाईट पर डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा, जिनके प्रस्ताव डिजिटल साईन के साथ नही होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नही किये जावेगे। कोई भी प्रस्ताव व्यक्तिगत/भौतिक बोली प्रपत्र मे स्वीकार्य नही होगा।

2. ऑन लाईन बोलीयॉ निर्धारित दिनांक एवं समय के अनुसार खोली जावेगी।

3. इलेक्ट्रोनिक बोली प्रपत्रो को जमा कराने से पूर्व बोलीदाता यह सुनिश्चित कर लेवे कि बोली प्रपत्रों से सम्बन्धित सभी आवश्यक दस्तावेजो की स्केन कॉपी बोली प्रपत्रो के साथ संलग्न कर दी गई है। ऑनलाईन प्रस्तुत किये गये दस्तावेजो के अतिरिक्त कोई भी दस्तावेज व्यक्तिगत/भौतिक रूप से स्वीकार नही किये जावेंगें । कोई भी बोली इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने मे किसी कारण से विलम्ब हो जाता है, तो इसके लिए रालसा जिम्मेदार नही होगा।

4. बोली प्रपत्रो के अनुसार चाहे गये आवश्यक दस्तावेज एवं सूचियों को चाहे अनुसार पूर्ति कर ऑनलाईन अपलोड करेगे।

5. असुविधा से बचने के लिये कृपया आवेदन हेतु अंतिम दिनांक की प्रतीक्षा नही करें ।

6. समस्त आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही करें ।

7. बोली फार्म शुल्क राशि 500/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक सदस्य सचिव**,** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के नाम से जयपुर मे भुगतान योग्य होना चाहिए।
8. प्रोसेसिंग फीस 1000/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक M.D., R.I.S.L. Jaipur के पक्ष में जयपुर में भुगतान योग्य होना चाहिए।
9. बोली प्रतिभूति 2% होगी। एस.एस. आई. इकाई से बोली प्रतिभूति 0.5% , रूग्ण (Sick) उद्योगों की दशा में (एस. एस. आई. से भिन्न) जिनके मामले में औद्योगिकी एवं वित्त पुनर्निर्माण बोर्ड के समक्ष लम्बित है, यह बोली के मूल्य का 1% होगी। बोली प्रतिभूति बैंकर चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,
   जयपुर के नाम से भुगतान योग्य होना चाहिए।
10. सफल निविदादाता से कार्य सम्पादन प्रतिभूति प्रदाय आदेश की रकम का 5% होगी। राजस्थान के लघु उद्योगो के मामले में माल के प्रदाय के लिए आदिष्ट परिमाण की रकम की 1% होगी। कार्य सम्पादन प्रतिभूति चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के नाम से भुगतान योग्य होना चाहिए।

बोलीदाता के हस्ताक्षर

अधिकृत प्रतिनिधि/स्वंय प्रोप्राईटर

निदेशक
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर

मय सील

पूरा नाम पता :–

अधिकृत प्रतिनिधि/स्वंय प्रोप्राईटर (जो लागू नही हो काट दे)

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर
(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602 Toll Free HelpLine- 15100/9928900900)
E-mail: rslsajp@gmail.com , rj-slsa@nic.in, Website: www.rlsa.gov.in

क्रमांकः—रालसा/स्टोर/एफ 9/न्यू आईट्म्स/2020—21/ दिनांकः—

उपकरण आपूर्ति की बोली एवं बोली की सामान्य शर्ते

(1) ई—बोली के माध्यम से बोली प्रस्तुत करनाः—

बोलीयॉ ई—प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से बोली विज्ञप्ति के अनुसार ऑनलाईन प्रस्तुत की जावेगी। तकनीकी बोली विज्ञप्ति मे अंकित दिनांक एवं समय पर कार्यालय, सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर मे उपस्थित बोलीदाता (यदि कोई उपस्थित हो) के समक्ष ऑनलाईन खोली जावेगी। बोली सम्बन्धी सभी सूचनाऐं ई—मेल से दी जावेगी, जो मान्य होगी।

(2) बोली ई—प्रोक्योरमेन्ट से स्वीकार करनाः—

केवल उन्ही बोलीयों पर विचार किया जावेगा जो बोली सूचना मे दिये गये निर्देशो के अनुसार उचित रूप से ई—प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से भरी होगी तथा निम्नांकित मूल दस्तावेज अंतिम दिनांक 18.01.2021 समय सायं 4:00 बजे से पूर्व अनिवार्य रूप से राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर कार्यालय में जमा कराने होगें। इसके अभाव मे तकनीकी बोली नही खोली जावेगीः—

- तकनीकी बोली प्रपत्र के अनुसार बोली फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस के चैक/डी.डी. आदि सभी दस्तावेज।
- तकनीकी बोली प्रपत्र के बिन्दु संख्या 6 की तालिका के बिन्दु संख्या 3 के अनुसार किसी भी राज्य/केन्द्र में काली सूची में (Black Listed) न किए जाने के संबंध में रूपये 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र जो कि नॉटेरी से प्रमाणित हो।
- तकनीकी बोली प्रपत्र के बिन्दु संख्या 6 की तालिका के बिन्दु संख्या 10 के अनुसार रूपये 500 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर घोषणा पत्र जो नॉटेरी से प्रमाणित हो।
- तकनीकी बोली प्रपत्र के बिन्दु संख्या 6 की तालिका के बिन्दु संख्या 8 के अनुसार पावर ऑफ अटार्नी।

उक्त दस्तावेजों के निर्धारित समय तक प्राप्त नहीं होने पर बोली खोली जाना संभव नहीं होगा। डाक/अन्य कारणों से निर्धारित समय तक डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक/वांछित दस्तावेज प्राप्त नहीं होते है, तो उसके लिए रालसा जिम्मेदार नहीं है।

(3) क्रय हेतु सक्षम अधिकारीः—

क्रय समिति द्वारा स्वीकृत दरों पर बोली फार्म में अंकित उपकरणों की मात्रा के लिये क्रय आदेश जारी करने हेतु राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी प्राधिकृत होगें।

(4) सामग्री का प्रदाय जिसमें 13 प्रिंटर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,र ाजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर पर करना होगा एवं शेष कम्प्यूटर सेट व प्रिंटर्स की आपूर्ति जिला मुख्यालय कार्यालयों में कर इंस्टॉल भी करना होगा। इस हेतु अन्य शुल्क देय नहीं होगा। अतः बोलीदाता उपकरणों की आपूर्ति की प्रति इकाई दर वित्तीय बोली में उक्त को ध्यान में रखते हुए ऑनलाईन अंकित करें।

नोटः—

(1) दरें सभी प्रकार के खर्चो जैसे भाड़ा, पैकिंग, मजदूरी, चुंगी एवं अन्य कर आदि सहित अंकित की जावें, किन्तु जी.एस.टी. को सम्मिलित नहीं किया जावे, उन्हें अलग से निर्धारित कॉलम में ही अंकित करे।

(2) आदेशित उपकरणों को निर्धारित स्थान पर पहुॅचाने का समस्त खर्चा बोलीदाता को वहन करना होगा।

(3) माल पहुॅचाने व उतरवाने का उत्तरदायित्व बोलीदाता का होगा।

(4) यदि बोलीदाता वित्तीय बोली मे ऑनलाईन दरों के साथ किसी प्रकार का कर (जी.एस.टी.) का निधारित कालम में अंकन नहीं करता है, तो दरें कर सहित मानी जावेगी। ऐसी स्थिति में वित्तीय बिड का मूल्यांकन करते समय निविदादाता को अपनी दरों में से GST को पृथक से बताना होगा। वित्तीय बोलियों का मूल्यांकन RTTP Rule 2013 के नियम 65 व 66 एवं 67 के अनुसार होगा।

(5) बोलीदाता द्वारा बोली में दी गई दरों की वैधताः–
बोलीदाता द्वारा बोली में दी गई दरें, वित्तीय बोली खोलने की दिनांक से 30 दिवस तक निर्णय हेतु वैध होगी। इस अवधि में अनुबंध एक साथ अथवा विभाजित कर एक से अधिक बार रालसा की सुविधानुसार संपादित किया जा सकेगा एवं बोलीदाता बोली में दी गई दरों पर अनुबंध करने को बाध्य होगा।

(6) बोली की अवधि :–
अनुमोदित/स्वीकृत दरो की दर संविदा वैधता अवधि दर अनुमोदन की दिनांक से एक वर्ष तक मान्य होगी।

(7) बोली के साथ बोली विज्ञप्ति के अनुसार तैयार डी.डी./बैकर्स चैक स्केन कर अपलोड करना :–
बोली विज्ञप्ति अनुसार बोली के प्रत्येक भाग की बोली राशि पृथक–पृथक निम्नांकित किसी एक प्रारूप में ई–बोली भरते वक्त स्केन कर अपलोड करना अनिवार्य है। बोली राशि के अभाव में प्राप्त बोली पर कोई विचार नही किया जावेगा। बोली राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक सदस्य सचिव,राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर के नाम से ही स्वीकार्य है। प्रोसेंसिग शुल्क राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक प्रबंध निदेशक, आर.आई.एस.एल जयपुर के नाम से ही स्वीकार्य है।

नोटः–विभाग मे किसी बोलीदाता की पूर्व में जमा बोली राशि/सुरक्षा अथवा अन्य बकाया राशि का समायोजन इस बोली की बयाना राशि हेतु समायोजित नही किया जावेगा।

(8) स्वीकृत वस्तुओं के मूल्य का भुगतानः–
स्वीकृत वस्तुओं के मूल्य का भुगतान बोलीदाता से तीन प्रतियो में बिल प्राप्त होने पर बोलीदाता को उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये बैक खाते के माध्यम से भुगतान करने की व्यवस्था की जावेगी। यदि बोलीदाता ड्राफ्ट द्वारा भुगतान चाहता है, तो बोलीदाता को बैक ड्राफ्ट द्वारा नियमानुसार भुगतान की व्यवस्था भी की जा सकेगी, परन्तु ड्राफ्ट का व्यय बोलीदाता को वहन करना होगा। भुगतान हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले बिलों पर बोलीदाता द्वारा ''जो अनुमोदित राशि बिल में अंकित है, इससे कम दर पर उपकरणों की आपूर्ति अनुबन्ध अवधि के दौरान नहीं की गई है'' का अंकन किया जाना अनिवार्य होगा।

(9) बोलीदाता द्वारा बोली किसी अन्य एजेन्सी को देनाः–
बोलीदाता बोली किसी अन्य ऐजेन्सी को न तो नोमिनेट करेगा और न ही सप्लाई करवाएगा।

(10) समानान्तर बोलीः–
विभाग को समानान्तर बोली तय करने का अधिकार RTPP Rule 2013 के नियम 29 एवं 74 के अनुसार होगा। उपलब्धता एवं आवश्यकताओं के मध्येनजर न्यूनतम दर पर अन्य फर्मो को भी क्रयादेश दिया जा सकेगा। इस हेतु रालसा द्वारा अनुमोदित एल–1 की दर के बारे में अन्य सफल बोलीदाताओं को जरिये ई–मेल सूचित किया जाकर उनके द्वारा एल–1 की दर पर आपूर्ति की सहमति प्राप्त की जावेगी। जिस बोलीदाता द्वारा दरे कम करते हुए एल–1 पर आपूर्ति की सहमति प्रदान की जाती है, उससे अनुलग्नक –2 के अनुसार दरे ली जावेगी।

(11) क्रय की मात्राः–
क्रय की जाने वाली वस्तुओं की मात्रा जो बोली में दर्शाई गई है वह वर्तमान आवश्यकता के अनुसार है, जो केवल अनुमानित है। न्यूनतम क्रय की कोई सीमा नहीं होगी। क्रयादेश विभाग की आवश्यकतानुसार दर संविदा अवधि एक वर्ष के दौरान दिये जायेगे। क्रय समिति की सिफारिश पर बोली में अंकित मात्रा से 50 प्रतिशत तक दर संविदा अवधि के दौरान क्रय आदेश दिया जा सकता है।

(12) गुणवत्ता की सुनिश्चितता :–
क. आपूर्तिकर्ता आपूर्ति किये जाने वाले उपकरणों की घोषणा करने हेतु बाध्य होगा।
ख. आपूर्तिकर्ता आपूर्ति किये गये उपकरणों के स्पेयर पार्टस, उनके घोषित जीवनकाल की अवधि में आवश्यकता होने पर उपलब्ध करवाएगा।
ग. आवश्यकता की स्थिति में आपूर्तिकर्ता विभाग के साथ उपकरणों का AMC अनुबंध हस्ताक्षर करेगा।

घ. आपूर्ति किये जाने वाले सभी उपकरण उच्च गुणवत्तापूर्ण यथा ISI/ISO प्रमाणित तथा नवीनतम तकनीक पर आधारित होने चाहिए।

ड. गारन्टी/वारन्टी के प्रावधान नियमानुसार लागू होगें।

(13) सामान सप्लाई की अवधिः– बोलीदाता को क्रयादेश निर्गमन दिनांक से 20 दिन की अवधि में सामग्री की आपूर्ति करनी होगी। 20 वे दिन राजकीय अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस के दोपहर 3.00 बजे तक आपूर्ति स्वीकार्य हो सकेगी।

यदि निर्धारित समय में बोलीदाता सामग्री सप्लाई करने में असमर्थ रहता है, तो निम्नांकित दर से जितनी अवधि का विलम्ब हुआ है, जॉब के कीमत के आधार पर परिनिर्धारित क्षति (सहमति क्षति पूर्ति) के रूप में, न कि दण्ड के रूप में राशि वसूल की जावेगी।

(क) माल सप्लाई करने की निर्धारित अवधि से 1/4 भाग की देरी पर 2.5 प्रतिशत
(ख) माल सप्लाई करने की निर्धारित अवधि से 1/4 से अधिक लेकिन 1/2 भाग की अवधि तक देरी पर 5 प्रतिशत
(ग) माल सप्लाई करने की निर्धारित अवधि से 1/2 भाग से अधिक लेकिन 3/4 भाग की अवधि तक की देरी पर 7.5 प्रतिशत
(घ) माल सप्लाई करने की निर्धारित अवधि से 3/4 भाग से अधिक लेकिन कुल अवधि के बराबर की अवधि तक की देरी पर 10 प्रतिशत

सामान्यतः क्रयादेश निर्गम की दिनांक से 20 दिन के पश्चात माल स्वीकार नही किया जावेगा। विशेष परिस्थितियों में यदि प्रदायकर्ता उचित बाधाओं के कारण संविदा अन्तर्गत माल का प्रदाय पूरा करने के लिए समयवृद्धि करना चाहता है, तो वह लिखित मे उस प्राधिकारी को आवेदन करेगा, जिसने प्रदायगी हेतु आदेश दिया है, किन्तु वह इसके लिए निवेदन बाधा उत्पन्न होने पर तुरन्त उसी समय करेगा। यदि माल का प्रदाय करने से उत्पन्न हुई बाधा बोलीदाता के नियंत्रण से परे कारणो से हुई है, तो सुपुदर्गी अवधि मे वृद्धि परिनिर्धारित क्षति (सहमति क्षति पूर्ति) सहित या रहित भी की जा सकेगी। केन्द्रीय भण्डार क्रय समिति की राय से उचित कारणों पर सम्पूर्ण जॉब के मूल्य पर अधिकतम 10 प्रतिशत तक परिनिर्धारित क्षति (सहमति क्षति पूर्ति) वसूल कर सामग्री स्वीकार्य की जा सकेगी।

नोटः– निर्धारित अवधि 20 दिवस में सप्लाई करने में असमर्थ हो तो आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होने की तिथि से 3 दिवस के भीतर अवगत करावे, ताकि अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जा सके।

(14) आदेशित आपूर्ति के अभाव मे बोलीदाता की जोखिम एवं लागत पर क्रय करना :–

1. यदि बोलीदाता द्वारा क्रयादेश की आपूर्ति निर्धारित अवधि मे या शर्त संख्या 13 के अध्यधीन बढी हुई अवधि मे आपूर्ति करने मे असफल रहता है तथा सैम्पल क्वालिटी स्टैण्डर्ड व स्पेशिफिकेशन के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो ऐसी असफल आपूर्ति के लिए आदेशित अधिकारी को यह मानने का पर्याप्त कारण होगा कि अपूर्ण आपूर्ति हुई है या बोलीदाता समस्त उपकरण आपूर्ति मे असफल रहा है तो राज्य प्राधिकरण सुरक्षा राशि जब्त करने/10 प्रतिशत परिनिर्धारित क्षति (सहमति क्षतिपूर्ति) अदा करने के आदेश निविदाकर्ता को दे सकेगा।
2. आपात स्थिति में अपवाद स्वरूप रालसा/क्रेता अधिकारी के पास यह विकल्प सुरक्षित है कि वह अपूर्ण आपूर्ति की गई उपकरण को बोलीदाता की जोखिम लागत पर केन्द्रीय भण्डार क्रय समिति के माध्यम से क्रय कर सकेगे, जो बोलीदाता को मान्य होगी। इस बिन्दु पर किसी प्रकार का विवाद स्वीकार नही होगा।
3. निर्धारित समयावधि में विशेष परिस्थितियों में वृद्धि प्राप्त करने के पश्चात् भी यदि कोई बोलीदाता द्वारा उपकरणों की आपूर्ति नहीं की जाती है, तो दोषी फर्म को नियमानुसार ब्लैक लिस्टेड/आगामी निविदाओं में भाग लेने हेतु अधिकतम 3 वर्ष हेतु विवर्जित (Debar) किया जा सकेगा। इसमें किसी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा।

(15) प्राईस फॉल क्लोजः–

दर संविदा के अधीन कीमतें, कीमत गिरने के खण्ड के अध्यधीन होंगी। कीमत गिरने का खण्ड, दर संविदाओं में कीमत सुरक्षा किया विधि है और यह उपबंध करता है कि यदि दर संविदा धारक, दर संविदा के चालू रहने के दौरान राज्य में किसी अन्य को दर संविदा कीमत से कम कीमत पर समान माल, संकर्मो या सेवाऐं देने के लिए उसकी कीमत कोट करता/कम करता है तो उस दर संविदा के अधीन उपापन की विषय–वस्तु के समस्त परिदान के लिए दर संविदा तदनुसार संशोधित की जायेगी। इसी प्रकार यदि कोई समानान्तर दर संविदा धारक फर्म, दर संविदा के चालू रहने के दौरान अपनी कीमत कम करती है तो उसकी कम की गई कीमत अन्य समानान्तर दर संविदा धारक फर्मो और मूल दर संविदा धारक फर्म को अपनी कीमतें तत्समान कम करने के लिए संसूचित की जावेगी। जिसके लिये पन्द्रह दिन का समय दिया जायेगा। यदि कोई दर संविदा धारक फर्म, कीमत कम करने से सहमत नहीं होती है तो उनके साथ आगे और संव्यवहार नहीं किया जायेगा।

यदि बोली अवधि में बोलीदाता अनुमोदित दरों को कम करता है अथवा उसी प्रकार के माल को कम दर पर अन्य किसी को बेचता है, तो उसे सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर को इस प्रकार की दरों में कमी एवं कम दरों पर बेचे गये माल की सूचना देनी होगी तथा जिस दिनांक से दरों में कमी की गई है, उसी दिनांक से सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर को दिये गये सामान की कीमत भी कम दर से लगानी होगी। अनुमोदित दरों से कम दर पर अन्य किसी को माल नहीं बेचने का प्रमाण–पत्र बोलीदाताओं को बिल में अंकित करना होगा।

बोली अवधि में या उसके बाद भी यह तथ्य प्रकाश में आने पर बोलीदाता द्वारा प्राईस फॉल क्लोज शर्तो की पालना नही की गई है, तो फर्म बोलीदाता द्वारा रालसा से प्राप्त अधिक राशि सूचित करने के बाद जमा कराने के लिए उत्तरदायी होगा। प्राप्त अधिक राशि जमा नही कराने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(16) सुरक्षा राशि जमा कराना तथा अनुबंध पत्र भरकर प्रस्तुत करनाः–

भण्डार क्रय समिति द्वारा स्वीकृत वस्तुओं की सूचना मिलने पर बोलीदाता को पत्र निर्गमित होने के 15 दिन के अन्दर नियमानुसार अपेक्षित राशि के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एस. आर. 17 में अनुबन्ध करना होगा। निर्धारित कार्य सम्पादन प्रतिभूति आदेशित मूल्य के 5 प्रतिशत निम्न में वर्णित किसी भी एक प्रारूप में सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर को जमा करानी होगी :–

1. डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक जो सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर के नाम हो।

2. एन.एस.सी. (फर्म के नाम से क्रय की गई हो) जो सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर के नाम प्लेज्ड हो।

नोटः–

1. अनुबन्ध सम्पादित नहीं करने की स्थिति में कार्य सम्पादन प्रतिभूति जब्त कर ली जावेगी व फर्म को काली सूची में डाला जा सकेगा।
2. पूर्व वर्षो की जमा सुरक्षा/बोली राशि अथवा अन्य बकाया राशि का समायोजन इस हेतु नही किया जावेगा।
3. वर्तमान बोली की बोली राशि का समायोजन कार्य सम्पादन प्रतिभूति मे बोलीदाता के पक्ष में अनुमोदित समस्त आईटमो का अनुबंध उनके द्वारा कर दिये जाने पर तथा बोली की सभी आईटमो का निर्णय हो जाने पर किया जा सकेगा।

4. यदि बोलीदाता केन्द्र/राज्य सरकार का राजकीय उपक्रम/संस्था है, तो उसे बोली प्रतिभूति राशि व कार्य सम्पादन प्रतिभूति में छूट है, परन्तु उनको राजकीय उपक्रम होने के सन्दर्भ में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा एवं Bid Security से मुक्ति हेतु घोषणा पत्र देना होगा।

(17) अस्वीकृत वस्तुएँः–

बोलीदाता द्वारा सप्लाई की गई वस्तुएँ अस्वीकृत होने पर, अस्वीकृति की सूचना निर्गमित होने की दिनांक से 30 दिन के अन्दर अस्वीकृत वस्तु को बोली दाता को स्वयं अपने खर्चे से उठा लेना होगा। निर्धारित अवधि के बाद अस्वीकृत माल को न उठाने पर उन वस्तुओ के मूल्य का एक प्रतिशत प्रति सप्ताह किराया बोलीदाताओ से वसूल किया जावेगा, जो अस्वीकृत वस्तुओ के मूल्य से अधिक नही होगा। वस्तु के खराब होने, टूटने फूटने आदि की जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी।बोलीदाता द्वारा अस्वीकृत माल की सूचना निर्गमन दिनांक से 6 माह की अवधि में माल नही उठाने पर अस्वीकृत माल नीलामी/नष्ट जैसी परिस्थितियां हो, कर दिया जावेगा एवं उससे प्राप्त हुई राशि राज्य कोष में जमा करा दी जावेगी।

(18) सुरक्षा राशि जमा न कराने एवं अनुबन्ध पत्र भरकर न देने पर बयाना राशि जब्त करनाः–

यदि कोई सफल बोलीदाता बिन्दु संख्या 16 में दर्शाई गई अवधि में अथवा वृद्वि की गई अवधि में निर्धारित सुरक्षा राशि जमा नही कराता है, एवं समस्त अनुमोदित वस्तु की आपूर्ति हेतु अनुबंध पत्र भरकर नही देता है तो बोलीदाता की जमा बयाना राशि जब्त कर ली जावेगी। इस हेतु किसी भी प्रकार की पूर्व सूचना बोली दाता को नही दी जावेगी व फर्म को काली सूची में डाला जा सकेगा।

नोट :–यदि बोलीदाता केन्द्र/राज्य सरकार का राजकीय उपक्रम/संस्था है, तो उसे बोली राशि एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति में छूट है।

(19) बोली राशि एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि बोलीदाता को लौटानाः–

1. जिस बोलीदाता की बोली निरस्त कर दी गई है अथवा जिसके पक्ष में किसी भी आईटम की दर स्वीकृत नहीं की गई है, तो ऐसे बोलीदाता की बोली राशि पूर्ण निर्णय अथवा बोली खोलने की तिथि के पश्चात लौटाई जा सकेगी।

2. यदि किसी बोलीदाता के विरूद्ध किसी प्रकार की राशि बकाया नही हो तो उसकी कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि आदेशित आपूर्ति को सफलतापूर्वक पूरा करने की दिनांक से 01 वर्ष बाद लौटाई जा सकेगी। बोलीदाता के विरूद्ध कोई राशि बकाया निकली तो बोलीदाता की कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि मे से ऐसी वसूली करते हुये शेष रही सुरक्षा राशि लौटा दी जावेगी।

3. समस्त स्वीकृत आईटमों का बोलीदाता द्वारा बोली शर्त सं0 18 के अनुसार निर्धारित अवधि में अनुबंध पत्र भरने एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि जमा कराने पर ऐसे बोलीदाता की बोली राशि लौटा दी जावेगी यदि बोलीदाता के विरूद्ध कोई बकाया राशि नहीं निकलती है तो।

नोट :–यदि बोलीदाता केन्द्र/राज्य सरकार का राजकीय उपक्रम/संस्था है, तो उसे बोली राशि एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति में छूट है।

(20) राज्याधिकारी व कर्मचारी को प्रलोभन देना :–

बोली स्वीकृति हेतु अथवा बोली संबंधी किसी कार्य हेतु प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार विभाग के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को प्रलोभन देना या उनके पास सिफारिश पहुॅचाना, गम्भीर अपराध समझा जावेगा तथा ऐसे बोलीदाता की बोली स्वीकार नहीं की जावेगी और यदि स्वीकार हो जाती है, तो किसी भी समय रद्द की जा सकती है।

(21) आयात लाइसेंसः–

यदि किसी वस्तु के लिये आयात लाइसेस/अनुज्ञापत्र की आवश्यकता है, तो उसकी व्यवस्था करने की उत्तरदायित्व स्वय बोलीदाता का होगा।

(22) सुरक्षित अधिकारः–

सदस्य सचिव एवं अध्यक्ष, क्रय्र समिति, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर को अधिकार होगा कि वे बिना कोई कारण बताये किसी भी वस्तु की दरें, सबसे कम दर स्वीकार न करके, ऊँची दरे स्वीकृत कर ले, अथवा कोई भी दर स्वीकार न करें।

(23) कानूनी विवाद क्षेत्रः–

समस्त विधिक कार्यवाही, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो, तो किसी भी पक्षकार (सरकार या बोलीदाता) द्वारा जयपुर में स्थित न्यायालयों मे ही पेश की जाएगी, अन्यत्र पेश नही की जाएगी।

(24) बोली दरें अंकित करनाः–

वित्तीय बोली में दरें ऑन लाईन प्रपत्र में भरी जावेगी। दरों मे जी.एस.टी. की राशि को पृथक से दिखाना चाहिए।

(25) क्रय अधिमान :–

इस हेतु RTPP Rule 2013 व अधिनियम 2012 के अन्तर्गत नियम व प्रावधान प्रभावी होंगे।

(26) बोली को वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in के माध्यम से प्रेषित की जा सकेगी।

(27) अन्तिम अर्थ एवं निर्णय का अधिकारः–

1. बोली के नियम व शर्तो तथा बोली प्रपत्रो में दिये गये विवरण आदि मे सदस्य सचिव द्वारा दिया गया अर्थ एवं निर्णय अन्तिम समझा जावेगा एवं उसे बोलीदाता मानने को बाध्य होगा।

2. सदस्य सचिव को किसी भी बोलीदाता की बोली को बिना कोई कारण बताये स्वीकार करने अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण व निर्बाध अधिकार होगा।

(28) निजी शर्ते लगाकर बोली प्रस्तुत करनाः–

बोली शर्तो के विपरीत बोलीदाता की कोई निजी शर्त मान्य नही होगी।

(29) निरीक्षण अधिकारीः–

तकनीकी बोली खुलने के बाद क्रय समिति यदि आवश्यक समझेगी तो सभी उपक्रमों/संस्थाओं द्वारा तकनीकी बोली प्रपत्र में दिए गए दस्तावेजों का सत्यापन करने के लिए निरीक्षण करवा सकेगी तथा निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर फर्म को तकनीकी रूप से योग्य/अयोग्य किया जा सकेगा।

(30) बोली शर्तो मे शिथिलता करने का अधिकारः–

बोली शर्तो मे शिथिलता करने हेतु केवल सदस्य सचिव में शक्तियां निहित है।

(31) तकनीकी बोली, बोली का भाग होगा। तकनीकी बोली में वांछित दस्तावेज उसी क्रम मे संलग्न करे, जिस क्रम मे बोली मे अंकित है। संलग्नक पर वही क्रम संख्या भी अंकित करें।

(32) ई–बोली से सम्बन्धित नियम शर्ते एवं सूचना बोली का भाग है।

(33) राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता नियम 2013 (Rajasthan Transparency in Public Procurment Rules 2013) के प्रावधानो के अन्तर्गत वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 3/2013 दिनांक 04.02.2013 के अनुसार Annexures A, B, C, D भी बोली एवं अनुबंध का भाग है, जो कि संलग्न है

(34) उपरोक्त शर्तो के अलावा अन्य शर्ते सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012/नियम 2013 के अनुसार होगी।

(35) यदि बोलीदाता द्वारा गलत, कूटरचित अथवा तथ्य छिपाकर बोली हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हो तो, बोलीदाता की प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जावेगी व फर्म को काली सूची में डाला जा सकेगा तथा फर्म के विरूद्व नियमानुसार आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 की धारा 11 के प्रावधानों के अनुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सकेगी।

(36) बोली की शर्तो में किसी भी प्रकार का विरोधाभास/विवाद होने पर सदस्य सचिव का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

(37) अपील :– राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 के अध्याय–III एवं नियम–2013 के अध्याय VII के प्रावधान के अनुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर हेतु अपील अधिकारी निम्नानुसार हैः–

क्र. सं	अपील अधिकारी
1	सदस्य सचिव

(1) बिन्दु (9) के अध्यधीन रहते हुए यदि कोई बोली लगाने वाला या भावी बोली लगाने वाला इस बात से व्यथित है कि उपापन संस्था का कोई निर्णय, कारवाई या लोप इस अधिनियम या इसके अधीन जारी नियमों या मार्गदर्शनों के उपबंधों के उल्लंघन में है तो वह उपापन संस्था के ऐसे अधिकारी को, जिसे इस प्रयोजन के लिए पदाभिहित किया जाये, विनिर्दिष्ट आधार, जिस पर या जिन पर वह व्यथित है, स्पष्ट रूप से देते हुए ऐसे विनिश्चय या कार्यवाही या यथास्थिति लोप की तारीख से दस दिनकी अवधि या ऐसी अन्य अवधि, जो पूर्व–अर्हता दस्तावेजों, बोली लगाने वाले के रजिस्ट्रीकरण दस्तावेजों या बोली दस्तावजों में विनिर्दिष्ट की जाये, के भीतर अपील दाखिल कर सकेगा :–

- परन्तु बोली लगाने वाले की सफल होने की घोषणा के पश्चात् अपील केवल उस बोली लगाने वाले द्वारा दाखिल की जा सकेगी, जिसने उपापन कार्यवाही में भाग लिया है।
- परन्तु यह और कि ऐसी दशा में, जहॉ उपापन संस्था वित्तीय बोली खोलने से पूर्व तकनीकी बोली का मूल्याकंन करती है, वहॉ वित्तीय बोली के मामले से संबंधित अपील केवल उस बोली लगाने वाले के द्वारा दाखिल की जा सकेगी, जिसकी तकनीकी बोली स्वीकार्य होने वाली पायी जाती है।

(2) बिन्दु (1) के अधीन अपील की प्राप्ति पर उक्त उप–धारा के अधीन पदाभिहित अधिकारी, पक्षकारों को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किए जाने के पश्चात् यह अवधारित करेगा कि उपापन संस्था ने इस अधिनियम, इसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों और मार्गदर्शक सिद्धान्तों के उपबंधों और पूर्व अर्हता के दस्तावेजों, बोली लगाने वाले के रजिस्ट्रीकरण दस्तावजों या यथास्थिति, बोली दस्तावेजों के निबन्धों का पालन किया गया है या नहीं, और तदानुसार आदेश पारित करेगा, जो बिन्दु (5) के अधीन पारित आदेश के अध्यधीन रहते हुए अंतिम होगा और अपील के पक्षकारों पर बाध्य होगा।

(3) अधिकारी, जिसके समक्ष बिन्दु (1) के अधीन अपील दाखिल की गई है, अपील पर यथा सम्भव शीघ्र विचार करेगा और अपील दाखिल करने की तारीख से तीस दिवस के भीतर इसे निपटाने का प्रयास करेगा।

(4) यदि बिन्दु (1) के अधीन पदाभिहित अधिकारी बिन्दु (3) में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त उप–धारा के अधीन दाखिल अपील को निपटाने में असफल हो जाता है या यदि बोली लगाने वाला या भावी बोली लगाने वाला या उपापन संस्था बिन्दु (3) में विनिर्दिष्ट अवधि के अवसान से या, यथास्थिति, बिन्दु (2) के अधीन पारित आदेश की प्रति की तारीख से पन्द्रह दिवस के भीतर बोली दस्तावेज में वर्णित द्वितीय अपील अधिकारी को अपील दाखिल कर सकेगा।

(5) बिन्दु (4) के अधीन अपील की प्राप्ति पर उक्त बिन्दु के अधीन द्वितीय अपील अधिकारी पक्षकारों को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किए जाने के पश्चात् यह अवधारित करेगा कि क्या उपापन संस्था ने इस अधिनियम, इसके अधीन बनाये गये नियमों और मार्गदर्शक सिद्धान्तों के उपबंधों और पूर्व–अर्हता के दस्तावेजों, बोली लगाने वाले के रजिस्ट्रीकरण दस्तावजों या यथास्थिति, बोली दस्तावेजों के निबन्धों का पालन किया है या नहीं, और तदानुसार आदेश पारित करेगा जो अंतिम होगा और अपील के पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा।

(6) द्वितीय अपील अधिकारी जिसके समक्ष अपील बिन्दु (4) के अधीन अपील दाखिल की गई है, यथा सम्भव शीघ्र अपील पर विचार करेगा और अपील दाखिल करने की तारीख से तीस दिवस के भीतर–भीतर इसे

निपटाने के लिए प्रयास करेगा। परन्तु यदि द्वितीय अपील अधिकारी जिसके समक्ष बिन्दु (4) के अधीन अपील दाखिल की गई है, पूर्वोक्त अवधि के भीतर अपील को निपटाने में असमर्थ रहता है तो वह उसके लिए कारण अभिलिखित करेगा।

(7) अपील अधिकारी जिसके समक्ष बिन्दु (1) और (4) के अधीन अपील दाखिल की जा सकेगी को, पूर्व–अर्हता दस्तावेजों, बोली लगाने वाले के रजिस्ट्रीकरण दस्तावेजों या यथास्थिति बोली दस्तावेजों में उपदर्शित किया जायेगा।

(8) कोई भी ऐसी सूचना, जो भारत के आवश्यक सुरक्षा हितों के संरक्षण का ह्रास करेगी या जो विधि के परिवर्तन या उचित प्रतियोगिता में अड़चन डालेगी या बोली लगाने वाले या उपापन और संस्था के विधि सम्मत वाणिज्यिक हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी, इस पैरा के अधीन की किसी कार्यवाही में प्रकट नहीं की जायेगी।

(9) कतिपय मामलों में अपील नहीं होगी :– उपापन संस्था के निम्नलिखित मामलों में से संबंधित किसी विनिश्चय के विरूद्व कोई अपील नहीं होगी, अर्थात् :–
(क) उपापन की आवश्यकता का अवधारण।
